# सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2016

दिनाँक 30 दिसम्बर 2016 को सेंट मोन्टफोर्ट, विद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतर्गत पहले दिन कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के लिए क्रीड़ा समारोह का आयोजन सेंट मोन्टफोर्ट, विद्यालय पटेल नगर के तत्वावधान में हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रदर जेम्स इक्का चैयरपर्सन मोन्टफोर्ट एज्यूकेशन थे।, तथा विशिष्ट सम्मानीय अतिथि सिस्टर जिनोवा प्रोविंसियल सुपिरियर प्रोविंसियल ऑफ नार्थ इंड़िया थी **और पी.पी. वर्गीस ओ.एस.डी वित् मंत्रालय मध्य प्रदेश शासन भी उपस्थित थे** | विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स जी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, अभिभावकों तथा सभी आगुंतको का स्वागत किया। विद्यालय के प्राथमिक विभाग की हैड गर्ल मनसीरत कौर और हैड बॉय विदित राजपूत ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई। क्रीड़ा समारोह की थीम "अर्ली इंडिया, ग्रीन इंडिया "थी । छात्रों ने उनके लिए आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना क्रीड़ा कौशल दिखलाया । छात्र –छात्राओं ने, गुब्बारा दौड़ ,50 मीटर , कंगारू दौड़ , जलेबी दौड़ , साइकिल दौड़ आदि दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया । विद्यालय के छात्र– छात्राओं द्वारा एरोविक्स , मार्च पास्ट आदि विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया गया ।

समारोह में क्रीड़ा समारोह की थीम को प्रदिर्शित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं। बच्चों के साथ – साथ अभिभावकों ने भी उनके लिए विशेष रूप से आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग ले कर अपने क्रीड़ा कौशल का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रदर जेम्स एक्का जी ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को खेल व अनुशासन का महत्व समझाया । मुख्य अतिथि ब्रदर जेम्स एक्का द्वारा विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किये गए। वर्ष 2015–16 के शैक्षणिक अव्वल रहने वाले **छात्रों को** सम्मानित किया गया । उनके नाम है– हर्शवर्धन तिवारी , नर्सरी सिद्धांत देशपाण्ड़े, कुमार वेदांत सिंह , गुजंन शर्मा , दीपांशु पुरी गोस्वामी (केजी –I) पार्थ पराशर ,अर्ना कुम्बानी और रिधिमा जैन (केजी –II ) अक्क्षत भल्ला (कक्षा – 1)आर्कश अग्रवाल (कक्षा– 2). खेल **के** चैंपियंस भी सम्मानित किया गया। वो हैं.– अर्थव सिंह , रिधिमा राजपूत (नर्सरी) ग्रंथ नायडू सोनाक्षी भारके (केजी –I) हर्षित सिंह सेंगर , प्राची अहिरवार (केजी –II ) हेमन्त ठाकुर, माधवी कुशवाह (कक्षा – 1)अभिनव सोनी कनिष्का प्रसाद (कक्षा – 2)

अंत में विद्यालय की हैड मिस्ट्रर्स सिस्टर कृपा ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद प्रेषित किया तथा राष्ट्रीयगान के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया ।

**प्राचार्य**